30/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें पैसठ करोड़ लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने इसके लिए चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपनी 111वीं मन की बात में झारखंड में मनाए गए 'हूल दिवस', 'एक पेड़ मां के नाम', केरल की छतरी- 'कार्थुम्बी', आंध्र प्रदेश की अराकू कॉफी, जम्मू-कश्मीर की स्नो मटर, कुवैत नेशनल रेडियो में हिंदी कार्यक्रम शामिल थे। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के 50 वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि 50 वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने बहुत से लोगों को संस्कृत से जोड़ रखा है।

0000000000000000000000

भारत के तीन महान क्रिकेटरों - विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने शनिवार रात केंसिंग्टन ओवल में भारत की दूसरी टी 20 विश्व कप जीत के बाद टी 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

कोहली ने जीत के कुछ मिनट बाद ही संन्यास की घोषणा की, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। कोहली ने एक सौ पच्चीस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और चार हजार एक अट्ठासी रन बनाए हैं। जबकि रोहित शर्मा ने एक सौ उनसठ टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और चार हजार दो सौ इकतीस रन बनाए हैं। विश्व क्रिकेट के बेहतरीन क्षेत्ररक्षक माने जाने वाले जडेजा ने रविवार को संन्यास की घोषणा की, उन्होंने चौहत्तर टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और चौवन विकेट लिए और पांच सौ पंद्रह रन बनाए।

0000000000000000000000

अधिकारियों की दी हुई जानकारी के अनुसार लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का सतही संचार टूट गया है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण रोइंग और पेने गांवों के बीच वेस्ट सियांग जिले के आलो से शि-योमी जिले के मेचुखा तक का एक महत्वपूर्ण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। सियांग जिले के तारक गांव के पास पासीघाट-पांगिन-आलो सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कई वाहन फंस गए हैं। ईटानगर में एक अन्य घटना में, श्री श्री रविशंकर विद्यामंदिर की एक स्कूल बस शनिवार को भूस्खलन के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना दोपहर 3:15 बजे जोलांग के रिची में एनईएस भवन के पास हुई। बस चालक सहित स्कूल के दो शिक्षकों को मामूली चोटें आईं।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, तिराप, चांगलांग, लोंगडिंग, ईस्ट सियांग, नामसाई, लोहित, पापुमपारे और दिबांग वैली में 5 जुलाई तक भारी बारिश हो सकती है।

0000000000000000000000

आईसीआर जिला प्रशासन ने शनिवार को एनएच 415 के किनारे 6 किलो क्षेत्र में सड़क विक्रेताओं को बेदखल कर दिया और नालियों पर बने उनके अस्थायी शेड को ध्वस्त कर दिया। यह निष्कासन अभियान इसलिए चलाया गया क्योंकि विक्रेताओं ने उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिए जारी किए गए नोटिस का अनुपालन नहीं किया था। डीसी कैपिटल ईटानगर श्वेता नागरकोटी मेहता ने एक प्रेस बयान में कहा कि इन चेतावनियों के बावजूद, विक्रेता अभी भी अपनी दुकानें चला रहे थे और इसलिए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निष्कासन करना आवश्यक था।

0000000000000000000000

राज्य सरकार कल से राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की तैयारी कर रही है, इसलिए जिला प्रशासन राजधानी ईटानगर ने कल डीसी कार्यालय के सम्मेलन हॉल में सभी कार्यकारी मजिस्ट्रेट, विशेष मजिस्ट्रेट और न्यायिक शाखा के कर्मचारियों के लिए एक रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया।

डीसी कैपिटल ईटानगर श्वेता नागरकोटी मेहता ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नए आपराधिक कानूनों से परिचित होने के लिए इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र के लिए संसाधन व्यक्ति ईएसी खोदा लासा ने नए कानूनों की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। प्रशिक्षण सत्र में समूह चर्चा और प्रश्न-उत्तर का दौर शामिल था, जिससे परिवर्तनों की व्यापक समझ मिली।

0000000000000000000000

भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा जारी केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सूची में राजीव गांधी विश्वविद्यालय को 13वां स्थान मिला है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में शीर्ष पर है। देश के 50 अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सूची में मिजोरम विश्वविद्यालय ने 15वां स्थान हासिल किया, तेजपुर विश्वविद्यालय और एनईएचयू, शिलांग ने 16वां और 18वां स्थान हासिल किया। आरजीयू के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाहा ने आईआईआरएफ द्वारा रैंकिंग पर विश्वविद्यालय बिरादरी को बधाई दी।

0000000000000000000000